बीईसीसी-101

कला स्नातक (अर्थशास्त्र ऑनर्स) कार्यक्रम
(बी.ए.ई.सी.एच.)

# सत्रीय कार्य-2025-26

## पाठ्यक्रम कोड : बी.ई.सी.सी.–101
## पाठ्यक्रम शीर्षक : प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र

अर्थशास्त्र संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 110068

# सत्रीय कार्य

## (2022-23)

**प्रिय अध्येता,**

जैसा कि हमने आपको कार्यक्रम-निर्देशिका में सूचित किया था, इग्नू में आपकी प्रगति का मूल्यांकन दो भागों में किया जाता है : (i) सत्रीय कार्यों द्वारा निरंतर मूल्यांकन; और (ii) सत्रांत परीक्षा। आपके संपूर्ण मूल्यांकन में सत्रीय कार्य का भार 30% तथा सत्रांत परीक्षा का भार 70% होता है।

आपको एक 6 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 3 या 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 2 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य करने हैं। इस सत्रीय कार्य पुस्तिका में आपके कोर पाठ्यक्रम **बी.ई.सी.सी.-101, प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र** का शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य दिया गया है– यह पाठ्यक्रम 6 क्रेडिट का है। अतः इस पुस्तिका में 3 शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य है जिनके अंकों का योगफल 100 है और भार 30% है।

सत्रीय कार्य-I में विस्तारपूर्ण प्रश्न (DCQs) हैं। इनमें आपको निबंधात्मक उत्तर लिखते हैं जिनमें प्रस्तावना और निष्कर्ष भी होते हैं। इनका लक्ष्य आपकी विषयवस्तु को ठीक से समझ उसे भली प्रकार सुस्पष्ट रूप से व्यक्त रने की क्षमता का मूल्यांकन करना है।

सत्रीय कार्य-II में मध्य स्तर वर्ग (MCQs) के प्रश्न है। यहाँ आपकी विषय की तर्कों के अनुसार व्याख्या करते हुए संगठित उत्तर लिखने की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है। दूसरे शब्दों में, आपकी विभिन्न संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं में भेद एवं तुलना कर पाने की क्षमता का यहाँ आंकलन किया जाएगा।

सत्रीय कार्य–III में, संक्षिप्त उत्तर वर्ग (SCQs) के प्रश्न हैं। ये आपकी व्यक्तियों, रचनाओं, घटनाओं या संकल्पनाओं एवं प्रक्रियाओं का पुनःस्मरण कर संबद्ध जानकारी को संक्षेप में व्यक्त करने की क्षमता का विकास करेंगे।

सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे। **ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा करा देने चाहिए।**

i) **जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल, 2026 है।**

ii) **जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर 2026 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी करा रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। आपको मिले अंक अध्येता मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, नई दिल्ली को भेजें जाएंगे?

हम आशा करते हैं कि आप सभी प्रश्न सत्रीय कार्यों में उनके लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार हल करेंगे। इन बातों का ध्यान रखना उपयोगी रहेगा :

1) **नियोजन :** प्रश्नों को ध्यान से देखें और उन इकाइयों को पढ़ें जिन पर वे आधारित है। प्रत्येक प्रश्न के महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को लिखकर रखें तथा उन्हें तार्किक क्रम में संयोजित करें।

2) **गठन :** अपने उत्तरों की प्रारंभिक रूपरेखा तैयार करते समय कुछ चयन और विश्लेषण ज़रूर करें। अपनी प्रस्तावना तथा निष्कर्षों पर विशेष ध्यान दें।

   सुनिश्चित करें कि आप के उत्तर :

   (क) तर्काधारित एवं सुसंगतिपूर्ण हों;

   (ख) वाक्यों एवं अनुच्छेदों के बीच स्पष्ट संबंध सूत्र हों, और

   (ग) लिखते समय अभिव्यक्ति, शैली एवं प्रस्तुति पर पर्याप्त ध्यान देते हुए सही उत्तर दिए गए हों।

3) **प्रस्तुति :** जब आप स्वयं संतुष्ट हो जाएं तो जमा कराने के लिए अपने अंतिम साफ-साफ लिखें, जहाँ आवश्यक हो, महत्त्वपूर्ण बिंदुओं को रेखांकित भी करें। यह भी ध्यान रखें कि बताई गई शब्द सीमाओं का अनुपालन हो रहा हो।

# बीईसीसी-101 : प्रारंभिक व्यष्टि अर्थशास्त्र
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोडः बी.ई.सी.सी.-101**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसएसटी/टी.एम.ए./2025-26**
**कुल अंक : 100**

## सत्रीय कार्य 1

**निम्नलिखित वर्णनात्मक वर्ग के सभी प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है। 2x 20=40**

1. क) माँग का नियम, तथा माँग की कीमत लोच में अंतर बतायें। उन कारकों को बतायें जिन पर माँग की कीमत लोच निर्भर करती है। माँग की लोच आर्थिक अभिकर्ताओं को निर्णय लेने में किस प्रकार मदद करती है?

   ख) दी गई निम्नलिखित सूचना के आधार पर माँग की कीमत, लोच तथा माँग की आड़ी लोच की गणना करें।

$$Q_{d=10-2P+P_s}$$

**यहाँ** $Q_d$ = वस्तु की माँग की गई मात्रा

P= वस्तु की कीमत जो रूपये 10 दी गई है।

$P_s$= स्थानापन्न वस्तु की कीमत जो रूपये 20 दी गई है।

2. (क) बाज़ार की विफलता से आप क्या समझते हो? बाज़ार की विफलता के विभिन्न स्रोतों को बतायें। अदक्ष बाज़ार की स्थितियों में सुधार लाने हेतु कौन–कौन से नीतिगत संयंत्रों का प्रयोग किया जा सकता है?

   (ख) उत्पादन संभावना वक्र क्या होता है? रूपांतरण की सीमांत दर (marginal rate of transformation)किस प्रकार उत्पादन संभावना वक्र से संबंधित है?

## सत्रीय कार्य-2

**निम्नलिखित मध्यम उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंक का है। 3x 10=30**

3. क) स्थानापन्न श्रेणी (degree)को आधार मानते हुए समोत्पादक वक्रों के विविध रूपों की चर्चा करें। समोत्पादक वक्रों की क्या–क्या विशेषताएँ हैं?

   ख) क्या कोई फर्म उत्पादन वृद्धि के साथ बढ़ते हुए, स्थिर तथा घटते हुए पैमाने के प्रतिफल की अवस्था का प्रदर्शन कर सकती है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दें।

4. मान लीजिए कि एक प्रतियोगी फर्म का कुल लागत फलन (TC)=450+15q+$2q^2$ तथा सीमांत लागत फलन=15+4q है। यदि वस्तु की बाज़ार कीमत =115 रूपये प्रति इकाई है, तो

i. फर्म द्वारा उत्पादित उत्पादन के स्तर का आकलन करें।
ii. फर्म के लाभ स्तर तथा उत्पादक अधिशेष का आकलन करें।

5. अल्पाधिकार बाज़ार का संतुलन पूर्ण प्रतियोगी बाज़ार तथा एकाधिकारात्मक बाज़ार के संतुलन से किस प्रकार भिन्न है? अल्पाधिकार के अंतर्गत कीमत एवं उत्पादन निर्धारण के संबंध में कूर्नो मॉडल की व्याख्या करें।

## सत्रीय कार्य-3

**निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर का मान 6 अंक है।** **5x 6=30**

6. निम्नलिखित प्रदत्त माँग फलन एवं पूर्त्ति फलन की सहायता से X वस्तु की संतुलित कीमत एवं मात्रा का निर्धारण करें।

$$Q_d = 8000 - 1000P_x$$

$$Q_s = -4000 + 2000P_x$$

7. रेखाचित्र की सहायता से कीमत प्रभाव को आय प्रभाव एवं स्थानपित्त प्रभाव के रूप में विलगन करने की प्रक्रिया की व्याख्या करें।

8. उन विकृतियों (distortions) की चर्चा करें जो पूर्ण प्रतिस्पर्धी बाज़ार में दक्षता प्राप्त करने के लक्ष्य को विफल करती हैं।

9. दो वस्तुओं के उत्पादन (X and Y) तथा दो वस्तुओं के उत्पादन साधन (श्रम तथा पूंजी)वाली अर्थव्यवस्था में उत्पादन के संबंध में सामान्य संतुलन स्थिति को कैसे प्राप्त किया जा सकता है?

10. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के बीच अंतर बतायें।

i. सीमांत भौतिक उत्पाद तथा सीमांत आगम उत्पाद
ii. प्रतिकूल चयन तथा नैतिक खतरे
iii. सामान्य लाभ तथा असामान्य लाभ